हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 4 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

14 होलिका दहन पर गूंजे भक्ति और उल्लास के स्वर



14 सुद्रावन के वाटर टैंक में मिले तीन अजगर,...





## खबर संक्षेप

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी में संगठनात्मक विस्तार, डॉ. दिलीप बने जिला महामंत्री



**गोपालपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी सारंगढ़-बिलाईगढ़ के संगठनात्मक विस्तार के तहत डॉ. दिलीप अनंत को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति से जारी सूची में की गई। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष के रूप में सक्रिय रहे डॉ. अनंत को संगठन में उनके समर्पण और कार्यकुशलता का पुरस्कार माना जा रहा है। नियुक्ति पर उन्होंने प्रदेश नेतृत्व व जिला अध्यक्ष ताराचंद देवांगन सहित सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया और जनसेवा के लिए प्रतिबद्धता दोहराई। निर्णय से कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

### खुशिका की पहली होली रंगों के उत्सव में सजी नन्हीं सी परी



**सुहेला-रावन।** होली का त्योहार हर किसी के लिए खुशियां लेकर आता है, लेकिन जब घर में किसी नन्हें मेहमान की पहली होली हो, तो उत्साह दोगुना हो जाता है। कुछ ऐसा ही नजारा साहू परिवार में देखने को मिला, जहां नन्हीं खुशिका साहू ने अपनी पहली होली के रंगों के बीच अपनी मासूम मुस्कान से सबका दिल जीत लिया। लाल, गुलाबी और पीले गुलाल के बीच जब खुशिका की पहली तस्वीर सामने आई, तो वह किसी परी से कम नहीं लग रही थी। परिवार के सदस्यों ने अपनी लाडली को बड़े ही प्यार से गुलाल का टीका लगाया और उसकी पहली होली को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। नन्हीं खुशिका की वह पहली मुस्कान बता रही थी कि रंगों का यह त्योहार उसके जीवन में कितनी खुशियां लेकर आया है। खुशिका के माता-पिता ने बताया कि वे इस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमारी बिटिया की पहली होली हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार है। उसकी एक छोटी सी मुस्कान ने पूरे घर के माहौल को सप्तरंगी बना दिया है। सोशल मीडिया पर भी खुशिका की इन तस्वीरों को खूब सराहना मिल रही है, जहां लोग उसे ढेरों आशीर्वाद और प्यार दे रहे हैं।

### शराब का अवैध परिवहन कर रहे दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** मोटर साइकिल के जरिए शराब का अवैध परिवहन कर रहे दो लोगों को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति पल्सर मोटर सायकल क्र सीजी 06 एचबी 9536 में भारी मात्रा में शराब रखकर बिक्री हेतु गढपटनी रोड की ओर से बसना की ओर आ रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेहियों को रोका और पूछताछ की। जिस पर उन्होंने अपने भोजराम चौहान एवं पीछे बैठे व्यक्ति द्वारा अपना नाम रौशन छत्तर बताया। आरोपियों के कब्जे से एक थैले से पुलिस ने 47 नग शोले प्लेन देशी शराब कीमत 3,760 रुपए , तथा दूसरे थैले से 25 नग स्पेशल गोवा व्हिस्की शराब कीमत 3,000 रुपए कुल 6,760 को जब्त किया।

# बलौदाबाजार जिला है ऐतिहासिक भूमि, यहां पर्यटन की अपार संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में संचालक नियुक्त होने पर निवर्तमान कलेक्टर दीपक सोनी को अधिकारियों ने भावभीनी विदाई दी। वहीं जिले के नये कलेक्टर कुलदीप शर्मा का स्वागत किया गया। बलौदाबाजार स्थित एक होटल में सोमवार को आयोजित विदाई सह स्वागत कार्यक्रम में अधिकारियों ने निवर्तमान कलेक्टर सोनी एवं नये कलेक्टर शर्मा का गुलदस्ता देकर स्वागत किये एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

निवर्तमान कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि जिले का कार्यभार विषम परिस्थिति में संभाला था, लेकिन सब के सहयोग से बहुत जल्द स्थिति में सुधार हुआ था। प्रभारी सचिव का मार्गदर्शन मिला। सभी जिला अधिकारियों का बहुत सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारियों के तनाव व डर को दूर करने के लिये काउंसिलिंग की व्यवस्था की गई। कलेक्ट्रेट भवन का पुर्नरुद्धार 15 दिन में पूरा हो गया। क़ानून व्यवस्था की बहाली के प्रयास, सामाजिक संगठनों, चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स से बातचीत का दौर शुरू हुआ और स्थिति सुधरते गई। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार -भाटापारा जिला ऐतिहासिक भूमि है, यहां गिररौदपुरी धाम, कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा, वीरभूमि सोनाखान, ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल तुरतुरिया, सिद्धश्वर मंदिर ▶▶ शेष पेज 14 पर

## निवर्तमान कलेक्टर दीपक को दी विदाई और नवपदस्थ कलेक्टर का हुआ स्वागत




### जिले को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे


कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि निवर्तमान कलेक्टर श्री सोनी ने जिस मुकाम पर जिले को पहुंचाया है, उसे कायम रखते हुए और आगे ले जाना है। उनके द्वारा रखी गई आधारशिला में मजबूत ईमारत बनाना है। सभी विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर पूरी मेहनत करेंगे जिले को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाना है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि निवर्तमान कलेक्टर श्री सोनी के लीडरशिप में पुलिस प्रशासन ने बेहतर काम किया है। हर परिस्थिति को बेहतर ढंग से हैंडल करना उनकी खूबी है। विषम परिस्थिति में सम्भालना और जिले को ऊंचाई तक लेकर जाना सिखने योग्य है। लोगों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया गया। जनदर्शन में भी लोगों की उम्मीदों को भली भांति समझते हुए समस्या का समाधान हुआ।

**हादसा : शिव शक्ति हॉस्पिटल के सामने तेज रफ्तार ट्रेलर ने मारी टक्कर**

# नेशनल हाईवे 130बी पर हादसा : ट्रेलर की टक्कर से एक की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल





थाना कसडोल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छरछेद स्थित नेशनल हाईवे 130B पर सोमवार की रात करीब 11 बजे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने स्कूटी सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा शिव शक्ति हॉस्पिटल के सामने हुआ जहां टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान करण दास मानिकपुरी 22 वर्ष पिता सुकृत दास मानिकपुरी निवासी विद्या नगर वार्ड क्रमांक 1 नगर पंचायत कसडोल के रूप में हुई है।

हादसे में घायल यशवंत साहू को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेलर तेज रफ्तार में था और अचानक स्कूटी को टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही कसडोल पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस द्वारा ट्रेलर चालक की तलाश की जा रही है तथा मामले की जांच जारी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।

## नशेड़ी मेटाडोर चालक ने शबरी सेतु पुल पर बाइक को मारी टक्कर, चालक घायल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



गिधौरी-शिवरीनारायण महानदी शबरी सेतु पुल में शराब के नशे धुत मेटाडोर चालक ने तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए अनियंत्रित होकर सब्जी बेचकर घर लौट रहे बाइक चालक को जोरदार टक्कर मार दिया। बाइक चालक के सिर एवं पैर पर चोट लगने ने गंभीर रूप से घायल होकर खुन से लथपथ पड़ा हुआ था, जिसे घायल को तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर कसडोल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार टुण्डरा निवासी कोमल प्रसाद पिता राममोहन 50 वर्ष मंगलवार को सुबह 6 बजे के आसपास अपनी काले कलर की हिरो डिलक्स सीजी 22 यू 3133 बाइक से शिवरीनारायण से सब्जी बेचकर वापस टुण्डरा जा रहा था, उसी बीच महानदी शबरी सेतु पुल पर शराब के नशे में धुत तेज रफ्तार मेटाडोर सीजी 10 सी डी 5558 के चालक तुकाराम ध्रुव पिता भुवन लाल ध्रुव 48 वर्ष ग्राम करही बजार बलौदाबाजार निवासी ने बाइक को अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दिया। इससे बाइक चालक कोमल प्रसाद सिर एवं पैर में गंभीर चोंट लगने से खुन से लथपथ घायल होकर पड़ा रहा।

जिससे आनन-फानन में एम्बुलेंस से कसडोल अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज चल रहा है। इधर घटना की जानकारी गिधौरी पुलिस को सूचना दी गई। कुछ देर बाद गिधौरी पुलिस मौके पर पहुंची और मेटाडोर एवं मेटाडोर चालक तुकाराम ध्रुव को अपने हिरासत लेकर थाना ले जाया गया और मामले की जांच में जुटी हुई है।

## असामाजिक तत्वों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा को किया खंडित, ग्रामीणों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करमदा में देर रात असामाजिक तत्वों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। शरारती तत्वों ने प्रतिमा का सिर तोड़कर अलग कर दूर फेंक दिया जिससे गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्र हो गए और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाइश देते हुए आरोपियों की जल्द पहचान कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद स्थिति को नियंत्रित किया जा सका।बताया जा रहा है कि एक ओर गांव में होलिका दहन का आयोजन चल रहा था वहीं दूसरी ओर प्रतिमा से छेड़छाड़ की घटना ने शांत माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया। त्योहार के दौरान हुई इस घटना ने पुलिस पेट्रोलिंग और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था कायम है। खंडित प्रतिमा को सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई के बाद ही उनका आक्रोश पूरी तरह शांत होगा। वहीं प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार जल्द ही नई प्रतिमा स्थापित करवाई जाएगी।

## आनंद मेला में बिखरी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सृजनात्मकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल/कसडोल



महिला एवं बाल विकास विभाग विकासखंड कसडोल तथा अजीम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के आनंद मेला में सहभागिता महिला एवं बाल विकास विभाग विकासखंड कसडोल एवं अजीम फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के आनंद मेला कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। इस आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी उनकी सृजनात्मक प्रतिभा पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़ी प्रदर्शनी तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अत्यंत प्रेरणादायक रही। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कुपोषण उन्मूलन और बाल विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनका समर्पण समाज के सशक्त भविष्य की नींव है। इस सफल आयोजन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अजीम फाउंडेशन को हार्दिक बधाई एवं सभी कार्यकर्ताओं ▶▶ शेष पेज 14 पर

## पट्रोल पंप में दंबगई दिखाने वाले पकड़ाये सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा





- राधेश्याम फ्यूल्स पेट्रोल पंप में एक ही बाइक में सवार होकर पहुंचे थे चार युवक

बीते सोमवार की रात 10 बजे के आसपास राधेश्याम फ्यूल्स पेट्रोल पंप में एक ही मोटर सायकिल में सवार होकर चार युवक पेट्रोल भरवाने पहुंचे और पेट्रोल पंप कर्मचारियों से के साथ दबंगई दिखाते हुए उनके झूमाझटकी की और चाकू निकालकर मारने की धमकी भी दी गई। इसी बीच सारे घटनाक्रम सीसी टीवी कैमरे में रिकॉर्ड होता रहा।

घटना को अंजाम देने वाले इतने दुस्साहसी थे कि वे जानते थे कि सीसी टीवी लगा हुआ है, उसके बावजूद उनके द्वारा पेट्रोल पंप कर्मचारियों से गाली गलौच झूमाझटकी करते हुए देख लेने की धमकी दी गई। इसी बीच कुछ और लोग पेट्रोल भरवाने पंप में पहुंचने के कारण वहां थोड़ी भीड़ हो गई, उसके बाद चारों बाइक में सवार होकर वहां से भाग खड़े हुए। घटना के बाद पेट्रोल पंप मालिक को इसकी सूचना दी गई। पंप मालिक सुदीप शुक्ला तत्काल पेट्रोल पंप पहुंचे और सीसी टीवी कैमरे से उसका फूटेज दिखवाया और घटना की जानकारी तत्काल शहर थाने को देकर इसकी रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस मामले पर पड़ताल शुरू कर दी है।

शहर टीआई अमित पाटले ने बताया घटना के बाद सीसी टीवी फूटेज देखने के बाद कुछ लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। पाटले ने बताया कि शीघ्र ही चारों आरोपियों को पकड़ लिया जायेगा।

**वार्षिक सम्मेलन में भवन निर्माण और विकास कार्यों की दी सौगात**

## लोधी समाज के सम्मेलन में शामिल हुए मंत्री गुरु खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



श्री हरदेव लोधी समाज लवन राज बलौदाबाजार -भाटापारा के गत दिवस श्री हरदेव लोधी समाज लवन राज के तत्वाधान में श्री हरदेव लोधी समाज छत्तीसगढ़ का वार्षिक आम सम्मेलन समाज अध्यक्ष शैलेन्द्र लोधी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें समाज के वार्षिक आय व्यय, ऑडिट रिपोर्ट पंजीयन नवीनीकरण का अनुमोदन आम सभा द्वारा किया गया। सम्मेलन में समाज के नियमावली में संशोधन को भी सहमति प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में सामाजिक प्रकरणों का निपटारा भी किया गया।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने समाज की तारीफ करते हुए कहा कि लोधी समाज बहुत ही मेहनती समाज है। आपसी भाईचारा सहयोग की भावना हमेशा रहता है। अपने विधानसभा के चुनावी दौरे को याद करते हुए उन्हें बताया कि आरंग में समाज द्वारा उन्हें आश्वस्त किया गया था कि वह ही विजयी होंगे, और ऐसा ही हुआ।

स्थानीय विधायक संदीप साहू के अचानक दिल्ली प्रवास में चले जाने के कारण उनके प्रतिनिधि के रूप में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष गुरुदयाल यादव द्वारा समाज के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी की आदमकद मिश्र धातु की प्रतिमा स्थापना की मांग विधायक तक पहुंचाने और स्वीकृति दिलाने की बात कही।

समाज अध्यक्ष शैलेन्द्र लोधी ने बताया कि समाज में सम्मेलन के सभापति के रूप में भरत लोधी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। उन्होंने अपने सहयोगी के रूप में हेमंत लोधी का चयन किया। हमारा समाज प्रगतिशील समाज है, समाज में वार्षिक रूप से वीरांगना रानी अवंती का बलिदान, सामाजिक आदर्श विवाह, वीरांगना रानी का जन्मोत्सव, युवा महिला प्रकोष्ठ का वार्षिक सम्मेलन, सामाजिक आदर्श विवाह के साथ नवाचार करते हैं।

जिसका समस्त सामाजिक सदस्यों ने सहमति प्रदान की। इस बीच समाज के अध्यक्ष वीरू लोधी उपाध्यक्ष टुकेश्वर लोधी, सचिव संजय लोधी, कोषाध्यक्ष शांतिलाल लोधी, सहसचिव कुबेर लोधी, संरक्षक लक्ष्मीनारायण लोधी के साथ सभी 12 इकाई के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### लोधी समाज की मांग पर भवन निर्माण स्वीकृत

समाज की मांग पर उन्होंने लवन क्षेत्र में भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। माननीय ध्रुव कुमार मिर्जा जी सामाज को सम्बोधित करते हुवे कहा की लोधी समाज बहुत ही सरल स्वभाव के है और समाज का जो भी आवश्यकता होंगी सब मिलकर समाज के विकास के लिए कार्य करेंगे इसी क्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान जी ने लवन में जम्हा तालाब के पास सामाजिक भूमि के सामने सी सी नाली निर्माण की घोषणा की।

## होली पर हथबंद की शराब दुकान में उमड़ा हुजूम, व्यवस्था बनी चुनौती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

रंगों के महापर्व होली की पूर्व संध्या पर नगर में उत्साह के साथ गतिविधियां तेज हो गई हैं। बाजारों में खरीदारी का माहौल बना हुआ है, वहीं देशी-अंग्रेजी शराब दुकान पर भी ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई। दोपहर बाद स्थिति ऐसी बनी कि दुकान परिसर के बाहर लंबी कतारें दूर तक फैल गईं। त्योहार को देखते हुए मांग में आई तेजी ने व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव डाला। कुछ समय के लिए कतारें असंगठित होती नजर आईं और मुख्य मार्ग पर आवागमन धीमा पड़ा। पर्याप्त बैरिकेडिंग और स्पष्ट लाइन व्यवस्था की जरूरत महसूस की गई।

हालांकि प्रशासन की निगरानी में हालात नियंत्रण में रहे। लोगों से अपील की गई है कि उत्सव के दौरान संयम और अनुशासन बनाए रखें, ताकि पर्व की खुशियों में किसी प्रकार की बाधा न आए।

नगर में होली को लेकर जोश और तैयारी दोनों चरम पर हैं। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि पर्व के दिन उत्साह और व्यवस्था का संतुलन कैसे बनाए रखा जाता है।

**खबर संक्षेप**



## रात में होलिका दहन के बाद एक दूसरे को लगाए रंग

जगदलपुर। सोमवार की रात होलिका दहन शहर के सार्वजनिक स्थलों के साथ साथ घरों के बाड़ों में भी मनाया गया। जलाउ के साथ गोबर के कंडे जलाए गए। पुरूषों के साथ महिलाएं, युवतियां, बच्चों ने विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद होलिका दहन किया। उसके बाद परिक्रमा करने के पश्चात एक दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दी। बताया गया कि यह पहला अवसर है जब होलिका दहन के अगले दिन रंगों का पर्व होली नहीं मनाया गया। ऐसा चंद्रग्रहण के कारण हुआ है। इसलिए अब बुधवार को रंगो की होली खेली जाएगी। अवकाश भी 4 मार्च को है आज बैंक समेत सारे प्रतिष्ठान और दुकानें खुली रही।

## होली में नगाड़ों की पूछताछ हुई कम, बिक्री हुई कम



जगदलपुर। आधुनिकता के चकाचौंध में नगाड़े की शोर गुम हो गई है। शहर के संजय बाजार चौक हनुमान मंदिर सामने में नगाड़ा बिका रहा है। विक्रेताओं ने बताया कि 3500 रूपए से लेकर 1200 रूपए तक के नगाड़े बिक रहे हैं। अभी गिने-चुने ग्राहक ही नगाड़ा लेकर गए हैं, विक्रेताओं का कहना है कि पहले होली दहन से एक-दो दिन पहले तक ही नगाड़े की बिक्री में तेजी रहती थी। बस्तर जिले के बकावंड ब्लॉक के ग्राम बारदा निवासी सम्पत कश्यप ने बताया कि वे लगभग 35 साल से होली के चलते नगाड़े बेच रहे हैं। लगभग 6 वर्ष पूर्व तक हर बार होली में लाए गए नगाड़े बिक जाते थे, पर दो दिन से 5 नगाड़े ही बिका, शेष लाए गए नगाड़ों वापस घर ले जाएंगे। सम्पत ने बताया कि बरदा गांव में लगभग 35 परिवार नगाड़े बनाते हैं, बनाने से छोटे नगाड़े में 500 एवं बड़े नगाड़े 1500 रूपए खर्च होते हैं। छह वर्ष पूर्व तक नगाड़ों की बिक्री से ही परिवार पालते थे, पर अब नगाड़ों के साथ-साथ ही रस्सी आदि बनाकर परिवार पाल रहे हैं।

## आर्ट्स और कॉमर्स के विद्यार्थियों ने बनाए विज्ञान के मॉडल

जगदलपुर। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में रचनात्मकता और वैज्ञानिक चेतना का सजीव उत्सव देखने को मिला। विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लेते हुए साइंस व टेक्नालॉजी से जुड़े विषयों पर अपने विचारों को कार्यशील मॉडल, आकर्षक पोस्टर और रंगोली के माध्यम से प्रस्तुत किया।

विद्यार्थियों ने विज्ञान विषयों पर 19 पोस्टर तैयार किए, जबकि साठ विद्यार्थियों ने तेरह समूहों में सूचनात्मक और थीम आधारित रंगोलियां बनाईं। विज्ञान और तकनीक के प्रयोगों पर आधारित दो कार्यशील मॉडल भी प्रदर्शित किए गए,जिन्होंने उपस्थित जनों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। प्रतिभागियों को इको साइंस, डिजिटल इंडिया व एआई, वुमन इन स्पेस, रोल ऑफ साइंस एंड टेक्नालॉजी इन एजुकेशन तथा वुमन इन बायोसाइंस एंड हेल्थकेयर जैसे समसामयिक विषय प्रदान किए गए थे। तीनों स्पर्धाओं में प्रो स्वपन कुमार कोले,प्रो मणिशंकर मिश्रा,डॉ विनोद कुमार सोनी,डॉ सजीवन कुमार,डॉ सुकृता तिर्की,डॉ समीर ठाकुर,डॉ देवेंद्र कुमार मरावी व डॉ नीरज कुमार वर्मा ने निर्णायक के रूप में प्रतिभागियों की प्रस्तुति का मूल्यांकन किया।1

### कांग्रेस से राज्यसभा सीट साहू समाज को देने का प्रस्ताव

# जिला साहू संघ की बैठक में लेखराम के नाम पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिला साहू संघ की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को तेलीनसत्ती सामाजिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान राज्यसभा चुनाव को लेकर एक अहम प्रस्ताव सामने आया, जिसमें सर्वसम्मति से यह मांग उठी कि इस बार साहू समाज से राज्यसभा सांसद बनाया जाए, ताकि उच्च सदन में समाज का सशक्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की दो सीट रिक्त होनी है जिनमें से एक सीट कांग्रेस को मिलना लगभग तय माना जा रहा है। ऐसे में साहू समाज की ओर से अनुभवी और मजबूत प्रत्याशी को अवसर दिया जाना चाहिए। इस संदर्भ में कांग्रेस के पूर्व विधायक लेखराम साहू के नाम पर विशेष सहमति बनी। श्री साहू कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को अपना आवेदन सौंप चुके हैं।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश साहू समाज के प्रतिनिधियों ने भी विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर राज्यसभा की एक सीट साहू समाज को देने की मांग रखी है। समाज का मत है कि अनुभवी, संगठन को समझने वाले और जमीनी राजनीति से जुड़े नेता को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

विदित हो कि सिलौटी निवासी लेखराम साहू ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत सरपंच पद से की थी। इसके बाद वे कुरूद विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए। उन्होंने जिला एवं प्रदेश स्तर पर साहू समाज के प्रमुख पदों पर रहकर सामाजिक संगठन को मजबूती प्रदान की है। वर्ष 2018 में भी वे राज्यसभा चुनाव लड़ चुके हैं। बैठक में जिलाध्यक्ष गणेशराम साहू, दयाराम साहू, निर्मला साहू, राजेन्द्र साहू, विजय साहू, संतराम साहू, गोपाल साहू, गणेश प्रसाद साहू, चिरौंजी लाल साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित थे।

# समाज के विकास के लिए पुरानी परंपराओं को त्यागना होगा : ग्वाले

- कोसरिया धोबी समाज के वार्षिक महाधिवेशन में महासभा के 9 परिक्षेत्र हुए शामिल


हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ओडिशा प्रांत के उमरकोट में 1 मार्च को कोसरिया धोबी समाज छग ओडिशा राज का वार्षिक महाधिवेशन हुआ। महासभा के 9 परिक्षेत्र सिहावा, नवागढ़, कांकेर, पलना, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, जगदलपुर और उमरकोट परिक्षेत्र के सामाजिकजन शामिल हुए। महाधिवेशन के अध्यक्ष शारदाप्रसाद ग्वाले, संरक्षक रामलाल नाग, सचिव लोचन निर्मलकर, सहसचिव निरंजन नाग, कोषाध्यक्ष कैलाश नायक, संगठन सचिव धुनीलाल ग्वाले तथा महामंत्री उमाशंकर कौशिक का सहयोग रहा।

मुख्य अतिथि ओडिशा प्रांत के कैबिनेट मंत्री नित्यानंद गोंड तथा पूर्व सांसद रमेश मांझी थे। उन्होंने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए समाज के विकास हेतु सहयोग प्रदान करने की बात कही। महाधिवेशन में आय-व्यय का लेखा जोखा, अतिथियों और पदाधिकारियों का सम्मान, सामाजिक समस्याओं का निराकरण, प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि का वितरण, महासभा राशि का वितरण, आकस्मिक रूप से दिवंगत दो मृतात्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उमरकोट परिक्षेत्र के अध्यक्ष चूड़ामणि नायक, संरक्षक कैलाश नायक, उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत नाग, सचिव जोशी नायक एवं कोषाध्यक्ष मुन्ना नायक के साथ युवा प्रकोष्ठ तथा महिला वर्ग का योगदान रहा। महाधिवेशन में 9 समस्याओं का निराकरण किया गया। जगदलपुर परिक्षेत्र से आए अध्यक्ष बलदेव नागे ने अपने परिक्षेत्र के कार्यों, उपलब्धियों और आने वाले समय में समाज के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया।

महासभा अध्यक्ष शारदा प्रसाद ग्वाले ने धोबी समाज के विकास हेतु रोडमैप, समाज की पुरानी परंपराओं और मान्यता जो आज बदलने की स्थिति में है, उसे बदलने और नशामुक्ति दुर्व्यसन से छुटकारा दिलाने जैसी पहल करने की आवश्यकता पर बल दिया । समाज के सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित करने, समाज के गरीब और निर्धन वर्ग को आर्थिक सहयोग प्रदान करने संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। महाधिवेशन का संचालन रामलाल नाग, शारदा प्रसाद ग्वाले एवं लक्ष्मीकांत नाग तथा आभार प्रदर्शन चूड़ामणि नायक ने किया। यह जानकारी महासभा अध्यक्ष शारदा प्रसाद ग्वाले ने दी।

## होली के रंग में रंगे बच्चे...



**धमतरी।** सोमवार को होलिका दहन पर कृदत्त कालोनी में बच्चे नंगाड़ा बजाकर होली के रंग में सराबोर रहे।

## होली पर मासूमों की डोर, राहगीरों से मांग रहे सहयोग राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर क्षेत्र में होली दहन के दिन सुबह कुछ छोटे-छोटे बच्चे सड़क किनारे नगाड़े बजाते दिखाई दिए साथ रोड पर डोर (रस्सी) बांधकर राहगीरों को रोकते हुए नजर आ रहे हैं। बच्चे राहगीरों से सहयोग के रूप में राशि मांगते हैं।

सहयोग राशि मिलने पर बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलकती है।

हालांकि यह दृश्य मासूमियत से भरा प्रतीत होता है, लेकिन व्यस्त सड़क पर इस प्रकार डोर बांधकर वाहनों और राहगीरों को रोकना किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अभिभावकों और प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। बच्चों को सड़क पर खड़ा करने के बजाय सुरक्षित वातावरण में त्योहारी या सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

## महापौर व भाजपा पार्षदों ने चंद्राकर को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विवेकानन्द वार्ड की पार्षद एवं महिला बाल विकास विभाग की प्रभारी विभा चंद्राकर के निवास पर महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों ने उनके पति स्व. संजय चंद्राकर के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

स्वर्गीय चंद्राकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा नगर निगम परिवार विभा चंद्राकर और उनके परिजनों के साथ खड़ा है।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि स्व. संजय चंद्राकर का असामयिक निधन अत्यंत दुखद है। ईश्वर उनकी दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। भाजपा पार्षदों ने भी स्व. संजय चंद्राकर के सामाजिक व्यवहार, सरल स्वभाव एवं मिलनसार व्यक्तित्व को स्मरण करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## कलेक्टर आकाश छिकारा ने ज्ञानगुड़ी का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के संकल्प के साथ कलेक्टर आकाश छिकारा ने रविवार को ज्ञानगुड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की गतिविधियों का जायजा लेते हुए कहा कि ज्ञानगुड़ी के स्वरूप को और अधिक संवारा जाएगा ताकि विद्यार्थियों को एक बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। वर्तमान में यहाँ नीट, जेईई, पीएटी और नर्सिंग जैसी महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग सफलतापूर्वक दी जा रही है, लेकिन अब जिला प्रशासन इसका दायरा बढ़ाने की तैयारी में है। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि भविष्य में यहाँ एसएससी सहित केंद्र और राज्य स्तरीय अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी प्रारंभ करवाई जाए, जिससे स्थानीय युवाओं को बड़े शहरों की ओर निर्भर न रहना पड़े।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर छिकारा ने शिक्षकों के सेवा भाव और उनके कठिन परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक पूरी निष्ठा के साथ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं, उनके समर्पण को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा। शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने अपील की कि वे अध्यापन के कार्य को और अधिक प्रभावी और बेहतर ढंग से संपन्न करें।

# योजनाओं को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि विभाग की प्राथमिकता वाली योजना को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने शासन के प्रमुख योजनाओं के दस-दस हितग्राहियों को मॉडल के रूप में चयनित करने के लिए कहा, जिनको अन्य लोगों को योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित करने के लिए उपयोग किया जा सके। सोमवार की दोपहर जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने आगामी 22 मार्च को आयोजित की जा रही बस्तर हेरीटेज मैराथन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक लोगों से पंजीयन करवाने कहा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बस्तर जनपद में कार्यक्रम आयोजन की तैयारियों के लिए अधिकारियों को दायित्व दिए। कलेक्टर ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष के चयनित ग्रामों में विभिन्न विभागों की योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाने पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जिले में विकास कार्यों को गति मिल सके।

कलेक्टर ने बैठक में ई-प्रगति पोर्टल की प्रविष्टियों, डेफ्ट खातों में लंबित राशि जमा कराने, पीएम श्री स्कूल के तहत संचालित विकास कार्यों की प्रगति तथा धान के उठाव की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने राशन दुकानों में खाद्य सामग्री के पर्याप्त भंडारण एवं समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संपूर्णता अभियान 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन, राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों के निराकरण, लखपति पहल योजना की प्रगति, पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं स्थापना कार्यों की स्थिति की जानकारी ली। इसके साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि में एग्रिस्टैक की प्रगति एवं किसानों के ई-केवाईसी की स्थिति की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल आपूर्ति के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया गया।बैठक में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं, कृषि विभाग, मत्स्य एवं पशुपालन विकास विभाग की गतिविधियों, विभिन्न निर्माण विभागों के प्रगतिरत कार्यों तथा कौशल विकास से संबंधित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने समय-सीमा के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करने तथा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सी पी बघेल, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### रसरंग होली महोत्सव में गूंजे ठहाके

# विधायक अजय बोले : संस्कृति की निरंतरता ही समाज की शक्ति है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद






होली की पूर्व संध्या पर 2 मार्च को खेल मैदान कुरूद में वन्देमातरम परिवार द्वारा आयोजित 21वां रसरंग होली महोत्सव हंसी, व्यंग्य और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे की वंदना से हुई। छत्तीसगढ़ी प्रस्तुति नंदा जाहि का रे ने श्रोताओं से खूब तालियां बटोरीं।

हरियाणा से आए कवि ने 21 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहे इस आयोजन की सराहना करते हुए हास्य चुटकुलों से वातावरण को हल्का-फुल्का बनाया। पद्मश्री सम्मानित कवि ने अपनी विशिष्ट व्यंग्य शैली में समसामयिक परिस्थितियों पर कटाक्ष कर श्रोताओं को हंसी से लोटपोट कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संस्था के संरक्षक विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि कुरूद क्षेत्र विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अग्रणी रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि साहित्य, खेलकूद और ललित कलाओं के ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को संस्कार और दिशा देते हैं। इन परंपराओं को अनवरत जारी रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने की। उन्होंने कहा कि 21 वर्षों से आयोजित यह महोत्सव नगर और जिले की पहचान बन चुका है तथा रजत जयंती वर्ष को और भी भव्य रूप दिया जाएगा। वन्देमातरम परिवार के अध्यक्ष भानु चन्द्राकर ने आभार व्यक्त किया। संचालन प्रभात बैस ने किया। इस दौरान कवियों का सम्मान किया गया।

विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी बैंक रायपुर अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष ज्योति जैन, पूर्व अध्यक्ष द्वय कुरुद राजकुमारी दीवान, रविकांत चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष मगरलोड बीरेन्द्र साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, शशि पवार, कविन्द्र जैन, त्रिलोकचंद जैन, रोहिताश मिश्रा, भाजपा नेता कल्याण राजपूत, लोकेश साहू, मोहन अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग सेवाओं को प्राथमिकता से पहुंचाएं

बीजापुर। जिला पंचायत सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे की उपस्थिति में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने सभी वीएलई को निर्देशित किया कि क्षेत्र के ग्राम पंचायत स्तर पर बैंकिंग सेवाएं अनिवार्य रूप से प्रदान करें। इससे अधिक से अधिक हितग्राहियों को मनरेगा, महतारी वंदन योजना एवं पेंशन योजना आदि का भुगतान सीएससी केंद्रों के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से हितग्राहियों को भुगतान प्राप्त करने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

## खबर संक्षेप



### देव संस्कृति स्कूल में फाग गीतों व नगाड़ों की रही धूम

**महासमुंद।** देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होली मिलन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने विद्या की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पमाला एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय में फाग गीतों व नगाड़ों की धूम रही। इस दौरान बच्चों ने परंपरागत पर्यावरण की सुरक्षा से होली मनाई गई। आंखों व त्वचा को हानिकारक रंगों से बचाने के लिए और केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग नहीं करने की हिदायत दी। इस अवसर पर बच्चों ने जमकर रंग गुलाल के साथ एकत्रित होकर नगाड़े की धुन में डांस किया। बालिकाएं धार्मिक गीतों में झूमते नजर आए। होली आई रे कन्हाई और रंग बरसे की धुन पर थिरकते रहे। पश्चात विद्यालय के समस्त बच्चों शिक्षकों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर अभिनंदन किया व फूलों की होली खेली। इस अवसर पर बच्चे बहुत ही उत्साही और खुश नजर आए। संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि होली के रंगों को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। होली के आध्यात्मिक एवं पौराणिक महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि होली का उत्सव, उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाने वाला पर्व है। इसे हमें प्रेम की भावना से मनाना चाहिए। होली बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है और होलिका दहन में अपनी सभी बुराइयों का ध्यान कर देना चाहिए। व्याख्याता नंद कुमार साहू ने कहा कि वास्तव में यह पर्व होलिका दहन से प्रारंभ होता है।

# होली पर्व को लेकर प्रशासन ने किया नगर में फ्लैग मार्च, त्योहारों से पहले अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



होली पर्व को ध्यान में रखते हुए नगर व क्षेत्र में शांतिपूर्वक व कानून के दायरे में त्योहार मनाए जाने के लिए सोमवार की एसडीएम के नेतृत्व में स्थानीय व पुलिस प्रशासन द्वारा नगर में पैदल फ्लैग मार्च किया गया। ज्ञातव्य हो कि 2 दिन पूर्व थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें नगर के सभी प्रमुख नगरवासी, व्यापारी संघ, चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों, पत्रकारों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इस उल्लासपूर्ण होली त्योहार को पूरे शांति पूर्ण तरीके से मर्यादाओं का पालन करते हुए मनाए जाने पर सहमति बनाई गई थी। इस अवसर पर एसडीएम अनुपमा आनंद, एसडीओपी ललिता मेहर, तहसीलदार श्रीधर पंडा व टीआई नितेश ठाकुर द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाए जाने की बात कही गई थी। नगरवासियों द्वारा दिए गए सुझावों पर भी कार्रवाई किए जाने पर सहमति बनाई गई थी।

होली दहन व होली त्योहार के समय नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा को देखते हुए पर्याप्त पुलिस तैनात रहेगा। हुड़दंगियों, तेज व मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर मोटरसाइकिल चलाने वाले पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसी सिलसिले में आज शाम एसडीएम अनुपमा आनंद, एसडीओपी ललिता मेहर, तहसीलदार धर पंडा व टीआई नितेश ठाकुर द्वारा दलबल के साथ नगर में फ्लैग मार्च के दौरान दुकानदारों, मोटरसाइकिल चलाने वालो व अन्यों को समझाइश भी दी गई।

## बिरकोनी में कुहकी डंडा नृत्य की परंपरा आज भी कायम



**बिरकोनी।** होलिका दहन के दिन आधुनिकता के नाम से सिर्फ रंग रोगन लगाकर उत्सव मनाते है। लेकिन, होली के अवसर पर नृत्य की वर्षों पुरानी परंपरा अब विलुप्त होती जा रही है। आधुनिक होली में मानो दहन हो गई हो। इसी तरह ग्राम बिरकोनी में 70 से 75 वर्ष के बुजुर्गों ने अपने उम्र को नजर अदांज करते हुए इसे पुनर्जीवित देने का प्रयास कर रहे है, जो कुहकी डंडा नृत्य की परंपरा की तर्ज पर प्राचीन लोक नृत्य गीतों पर नृत्य कर रहे हैं। लेकिन, कुछ किन चुने बुजुर्ग वैभव बनाने वाले कलाकार जो इस विद्या से जुड़े हुए है, वही कलाकार परंपरा को कायम रखने एवं इसे जीवन देने के लिए वर्षो से मेहनत करते आ रहे है। ग्राम बिरकोनी में परंपरा के अनुसार डंडा नृत्य को आज भी कायम रखे हुए है। फागुन मास आते ही डंडा नृत्य की गूंज सुनाई देती है, जो होली के दिन तक कृष्ण–राधा के लीला मंचन संगम रास गीत गूंजते हैं। यहां डंडा नृत्य करने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जब ये बुजुर्ग बच्चे थे तब गांव के उसके सियानों ने शुरुआत की थी। अब बुजुर्गों की टोली होलिका दहन के पूर्व शाम को चौक चौराहे द्वार–द्वार पर जा के नृत्य कर रहे हैं। इस नृत्य से प्राचीन गीत गाकर दर्शकों का मनमोह रहे हैं। परंपरा मनोरंजन से प्रेरित करने के लिए ग्राम के कुल मंदिरों में राम मंदिर, दुर्गा मंदिर, शीतला, महामाया, लीला मंच, मंदिरों में डंडा नृत्य की प्रस्तुति दे रहे है।

## महासमुंद में 15 इनामी नक्सलियों का आत्मसमर्पण प्रदेश की नक्सल उन्मूलन नीति की बड़ी जीत: निधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। जिले के बलांगीर-बरगढ़-महासमुंद (बीबीएम) डिवीजन से जुड़े करीब 15 नक्सलियों ने हथियार डालकर आत्मसमर्पण किया।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने राज्य सरकार, पुलिस प्रशासन और सुरक्षा बलों को बधाई देते हुए कहा कि यह आत्मसमर्पण प्रदेश की नक्सल उन्मूलन नीति की बड़ी जीत है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव



साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जिस दृढ़ इच्छाशक्ति और विकासमुखी नीति से कार्य किया है, उसका यह परिणाम है।

महासमुंद जैसे क्षेत्र अब शांति और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। निधि ने यह भी कहा कि इस आत्मसमर्पण से प्रदेश के युवाओं को नई दिशा मिलेगी और समाज में विश्वास बहाली का माहौल बनेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों और जवानों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता "शांति, विश्वास और विकास" के त्रिकोणीय लक्ष्य को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस कदम का स्वागत किया और कहा कि सरकार की योजनाओं से अब ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी शांति और रोजगार के अवसर बन रहे हैं।

### होली पर शांति और सौहार्द्र बनाए रखें: निधि

**महासमुंद।** होली पर्व के अवसर पर जिले की जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने नागरिकों से शांति, सौहार्द और संयम के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि होली रंगों और भाईचारे का पर्व है, इसे किसी भी प्रकार के हुड़दंग या अनुशासनहीन व्यवहार से कलंकित न करें। होली का असली आनंद एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सम्मान और सहयोग में है। सार्वजनिक स्थलों पर अशांति फैलाना, नशे में वाहन चलाना या किसी को जबरन रंग लगाना त्योहार की भावना के विपरीत है। आइए, हम सभी मिलकर ऐसी होली मनाएं, जो सभी के चेहरे पर मुस्कान लाए। युवाओं से विशेष रूप से आग्रह है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, बाइक स्टंट या तेज गति से वाहन चलाने से बचें और अपने परिवार व समाज की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। निधि ने पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे जिले में शांति बनाए रखने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाएं और लोगों को सहयोग के लिए प्रेरित करें। होली पर्व को लेकर जिले में प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है और शांति समितियों को सक्रिय किया गया है।

## शिशु नगरी कार्यक्रम में होली गीतों पर नृत्य की हुई प्रस्तुति

**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिशु नगरी रंग मंचीय एवं खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में संध्या शर्मा (आदर्श शिक्षा मंडल समिति के उपाध्यक्ष), विशेष अथिति कृष्णा चंद्राकर ( पूर्व शिशु वाटिका सह प्रांत प्रमुख, पूर्व प्रधानाचार्य), अध्यक्षता भारती गुप्ता (आदर्श शिक्षा मंडल समिति के सदस्य), विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा द्वारा माँ सरस्वती, ओम एवं भारत माता के छाया चित्र पर पुष्प अर्पण तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत आचार्या निशा गोस्वामी, उत्तरा सिन्हा एवं सु टिकेशवरी चंद्राकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर कृष्णा चंद्राकर द्वारा शिशु नगरी कार्यक्रम आयोजित करने के विषय पर विचार रखते हुए कहा कि विद्या भारती के योजनानुसार शिशु वाटिका के अंतर्गत शिशु कक्षा के छोटे बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास के उद्देश्य से शिशु नगरी कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। साथ ही उनके द्वारा चित्र



पुस्तकालय, मिट्टी कला, घुलनशील, अघुलनशील जैसे बारह शैक्षिक व्यवस्थाओ की बारी-बारी से विस्तार से जानकारी दिया गया। इसके पश्चात छोटे बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुत किया गया। जिसमें आगामी त्योहार होली पर होली गीतों पर प्रियांशी ग्रुप द्वारा राधा ने रंग डाला, निशा सेन ग्रुप द्वारा मुख मुरली बजाये, अनन्या एवं राध्या ग्रुप द्वारा सुआ नृत्य, दीक्षा कुर्रे एवं नियती तांडी ग्रुप द्वारा बस्तरिहा वाला, नव्या गोस्वामी ग्रुप द्वारा बम-बम बोले गीतों पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। जीविका थानेकर द्वारा पचरा गीत की एवं कक्षा द्वितीय से डी. गोपाल, वेदांत ग्रुप द्वारा वेशभूषा की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर माताओं के लिए और बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता भी रखी गई थी, जिसमें अपने बच्चो को पीठ पर बिठाकर दौड़ने वाला खेल में किरण ध्रुव ने प्रथम स्थान एवं भारती चौधरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लोरी सुनाओ प्रतियोगिता में टिकेश्वरी कन्नौजे ने प्रथम स्थान एवं किरण ध्रुव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बाल्टी में गेंद डालना प्रतियोगिता में जान्हवी ध्रुव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। इन सभी प्रतियोगिताओ में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले सभी माताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही शिशु वाटिका के इस नगरी कार्यक्रम में बारह शैक्षिक व्यवस्थाएं की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें चित्र पुस्तकालय, कलाशाला, कार्यशाला, विज्ञान प्रयोगशाला, चिड़ियाघर, आदर्श घर, रंगमंच,वस्तु संग्रालय जैसे बारह व्यवस्थाए रखी गई थी, जिसे अभिभावकों द्वारा अवलोकन किया गया। इसके पश्चात आगामी त्योहार होली पर आकर्षक होली गीतों के साथ होली मनाई गई एवं एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में भारती गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या तारणी गोस्वामी ने किया।

कार्यक्रम में शिशु वाटिका प्रमुख गुरुवारी सोनी, मनोज साहू, किरण सोनी, निशा गोस्वामी, टिकेश्वरी चंद्राकर, उत्तरा सिन्हा, कुंजलाल पटेल, बलराम सेन, शिव कन्नौजे, किरण साहू, हेमंत साहू, तुलसी राम पटेल, ललित कुमार सिन्हा, पवन कुमार निर्मलकर एवं विद्यालय के समस्त आचार्य/दीदीयों का का सहयोग सराहनीय रहा।

# पेशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा, नए सदस्यों का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



01 मार्च 2026 को पेशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक गायत्री मंदिर परिसर बेमचा में आयोजित किया गया। बैठक का प्रारंभ संगठन के अध्यक्ष रामकुमार साहू, सह सचिव राधेश्याम दुबे, नेहरू साहू, संगठन मंत्री चमन लाल साहू, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य देवनारायण सिंह बिसेन, विनोद शर्मा, जीएस ठाकुर, एलएन शर्मा, भगतराम साहू, चोवाराम साहू एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा सरस्वती मां के पूजन से प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात संगठन के वरिष्ठ संत लाल साहू वन विभाग एवं पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त राधेश्याम ठाकुर के पत्नी शांतिबाई ठाकुर के आकस्मिक निधन पर विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त रामकुमार साहू ने किया। बैठक के प्रथम कड़ी में नए सदस्यों क्रमशः हेमलाल साहू एवं अशोक साहू जल संसाधन विभाग, देवनारायण साहू पुलिस विभाग, अरविंद गलपांडे श्रम विभाग, तिलकराम साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय महासमुंद एवं संतराम साहू विद्युत विभाग का स्वागत गुलाल लगाकर एवं श्रीफल भेंटकर किया। स्वागत उपरांत सभी सदस्यों ने अपना संक्षिप्त परिचय देते हुए संगठन के प्रति अपनी भावनाओं से सभी को अवगत कराते हुए पेंशनर हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। पश्चात गायत्री परिवार के वरिष्ठ भगत साहू द्वारा चंद्रशेखर आजाद एवं गोपालकृष्ण गोखले के पुण्यतिथि एवं राम कृष्ण परमहंस की जयंती के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में तहसील अध्यक्ष रामकुमार साहू द्वारा प्रांत स्तरीय वार्षिक सम्मेलन, जिसका आयोजन माह मार्च 2026 के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है, पर विस्तृत जानकारी दी गई तथा प्रत्येक पदाधिकारी एवं सदस्यों को तन, मन, धन से सहयोग करने की अपील की तथा अन्य संगठन द्वारा पेंशनर्स एसोसिएशन के विरूद्ध में किए जा रहे भ्रामक दुष्प्रचार से सजग रहने की अपील की गई। अध्यक्ष के अपील से उत्साहित होकर अनेक पेंशनरों ने बैठक स्थल पर कार्यक्रम के लिए सहर्ष सहयोग राशि प्रदान किया। उपस्थित पेंशनरों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

संगठन के वरिष्ठ सदस्य एलएन शर्मा ने छग शासन के नवीनतम आदेश का उल्लेख करते हुए बताया की पेशनरों को 80 वर्ष की आयु प्रारंभ होने एवं 85 वर्ष पूर्व 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेशन का लाभ दिए जाने वाले आदेश का पालन नहीं किये जाने पर रोष व्यक्त करते हुए शीघ्र आदेश लागू करने की मांग शासन से की। बैठक को देवनारायण सिंह बिसेन, आर साहू, पुरूषोत्तम शर्मा विष्णु प्रसाद साहू आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। समापन की कड़ी में चमनलाल साहू संगठन मंत्री ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सभा समाप्ति की घोषणा की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आईएम कुरैशी, बोधन लाल साहू, संतूराम साहू, मुरलीधर पटेल, सुरेश क्षेत्रपाल, राजेंद्र सिंह परिहार, चोवाराम साहू, सतानंद यादव, शिवनंदन भोसले, भूषण भोसले, डोमारराम साहू, कोमनलाल चंद्राकर, रेखराम साहू, मेघनाथ साहू, रूपचंद वर्मा, रमेशकुमार गुप्ता, एसके साहू, राधेश्याम चंद्रकर, सुभाषनंद भुनेश्वर विश्वकर्मा, शब्बीर अली, गौकरण सिहं ठाकुर, टी आर गजेंद्र, केशवराम सिन्हा, हिच्छाराम, रविकांत चंद्राकर, अर्जुन साहू, तिलचंद यादव, सुजान यादव, रामटहल निषाद, किशनलाल ध्रुव, चोवासिंह ठाकुर, सुरेश साहू, सुबेलाल, योधराम साहू, भगवान चंद्राकर सहित अनेक पेंशनर उपस्थित हुए।

## सेवानिवृत्त होने पर श्रमिकों दी गई विदाई



**महासमुंद।** 28 फरवरी 2026 को हेमलाल साहू अमीन एवं अशोक कुमार साहू श्रमिक जल संसाधन कोडार शीर्ष कार्य उपसंभाग महासमुंद का 62 वर्ष शासकीय सेवा अवधि पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त पर उन्हें साल एवं श्रीफल भेंटकर ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर केके बंजारे अनुविभागीय अधिकारी कोडार शीर्ष कार्य उपसंभाग, मुकेश कुमार चंद्राकर अनुविभागीय अधिकारी क्र. 01, पीएल कोसरिया केनाल डिप्टी कलेक्टर, मोतीलाल मालेकर उपअभियंता, अखिलेश कुमार यादव उपअभियंता, एमएल ध्रुव मानचित्रकार, एसपी ध्रुव मानचित्रकार, बिहारी शर्मा वरिष्ठ लेखा लिपिक, आरपी वर्मा सहायक वर्ग -02, एलएन बघेल सहायक वर्ग -02, सीतेश कुमार साहू सहायक वर्ग -03, ममता चंद्राकर सहायक वर्ग-03, यशवंत ठाकुर सहायक वर्ग-03, शिवकुमार ध्रुव अमीन, विक्रांत पुरी गोस्वामी अमीन, भीखम कुमार चंद्राकर डाटा एंट्री गण आपरेटर, आशीष चंद्राकर, ललित कुमार यादव, वेद प्रकाश सिन्हा, उमेश कुमार सिन्हा कुशल सहायक, भुनेश्वर यादव कुशल सहायक, व्ही प्रमिला राव, हिमानी ठाकुर भृत्य, रवि निर्मलकर साईट चौकीदार, शोभा रामटेके पत्रवाहक, तारकेश्वर साहू पत्रवाहक, रामानंद निषाद चौकीदार, मोहन लाल कन्नौजे रात्रिकालीन चौकीदार, चम्मन लाल साहू चौकीदार, गोपाल ध्रुव श्रमिक, सुरेश कुमार क्षेत्रपाल सेवानिवृत्त सहायक वर्ग-02, शिवकुमार साहू सेवानिवृत्त सहायक वर्ग-02, रामकुमार साहू सेवानिवृत्त अमीन, संतुराम साहू सेवानिवृत्त भृत्य, बोधन लाल साहू सेनि शिक्षक, चम्मन लाल साहू सेनि प्रधान आरक्षक, गुहन लाल वर्मा सेनि भृत्य आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एमएल ध्रुव मानचित्रकार ने किया।



### महालक्ष्मी सेवा समिति ने बलौदा पुलिस स्टाफ को किया सम्मानित

**महासमुंद।** समाज में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए महालक्ष्मी सेवा समिति बलौदा द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने बलौदा थाने के समस्त स्टाफ को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। यह सम्मान मुख्य रूप से हाल ही में 15 नक्सलियों के आत्मसमर्पण कराने की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए दिया गया। पुलिस प्रशासन के निरंतर संवाद और प्रयासों से भटके हुए युवाओं को मुख्यधारा में वापस लाने की इस पहल की क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है। समिति के सदस्यों ने कहा कि यह सम्मान पुलिस कर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा और कड़ी मेहनत के प्रति आभार प्रकट करने का एक माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में समिति ने भविष्य में भी जन-जागरूकता के कार्यों में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का संकल्प लिया।

## एक्सीडेंट में बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** बीते साल एक्सीडेंट में हुई बाइक चालक की मौत के मामले में जांच के बाद सरायपाली थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। सरायपाली पुलिस ने बताया कि 02 नवंबर 2025 को मृतक विजय कुमार पटेल पिता अडंगकुश पटेल (37 वर्ष) निवासी बिरसिंगपाली थाना सरायपाली अपनी पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीवी 7186 से दोपहर करीबन 01 बजे सरायपाली से भंवरपुर अपनी डेली निडस दुकान खोलने जा रहा था। भंवरपुर रोड पटेल चेस्ट सरायपाली के आगे मौहा नर्सरी के पास के पास प्रेतनडीह पहुंचा तभी बगईजोर की ओर आ रही स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचसी 2573 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने विजय कुमार पटेल के सिर में गंभीर चोट लगी। जिसे सरायपाली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से रायपुर के लिए रेफर कर दिया गया।



04032026-Mad-04_Layout 1 3/3/2026 6:57 PM Page 1



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
27 फरवरी 2026
SHOW TIME
डार्लिंग प्यार झुकता नहीं दोबारा (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### किराना दुकान के सामने से बाइक चोरी

**महासमुंद।** किराना दुकान से बाइक चोरी के मामले में सांकरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को चक्रधर प्रधान पिता मोहन प्रधान (39 साल) निवासी चिखली ने बताया कि 23 फरवरी को वह अपने घर से सामान लेने के लिए सांकरा आ रहा था और बल्दी डीह चौक में अपनी मोटर सायकल सीजी 04 एचजे 3196 को राजू किराना स्टोर्स के सामने खड़ी कर सामान लेने के लिए सांकरा गया था और वापस आने पर बाइक उक्त जगह पर नहीं थी। मामले की रिपोर्ट पर 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पारंपरिक नगाड़ों की थाप पर भारी पड़ा डीजे और परीक्षाओं का शोर

**महासमुंद।** रंगों का त्योहार होली अब सिर पर है। 4 मार्च को होली का मुख्य पर्व मनाया जाएगा, लेकिन इस साल शहर और ग्रामीण इलाकों में वह पारंपरिक रंगत गायब नजर आ रही है जो कभी इस त्योहार की पहचान हुआ करती थी। पखवाड़े भर पहले से गलियों में गूंजने वाली नगाड़ों की आवाज इस बार सुनाई नहीं दे रही है। शहर के बाजारों में पिछले एक सप्ताह से नगाड़े सजकर तैयार हैं, लेकिन दुकानदारों के चेहरे पर मायूसी है। व्यापारियों का कहना है कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार मांग आधी भी नहीं रह गई है। बाजार में 110 से लेकर 3000 रुपए प्रति जोड़ी तक के नगाड़े उपलब्ध हैं। छोटे नगाड़े, जिनकी कीमत 110 से 500 रुपए के बीच है, उनकी थोड़ी-बहुत बिक्री हो रही है, लेकिन फाग गायन के लिए इस्तेमाल होने वाले बड़े और पारंपरिक नगाड़ों का कोई खरीदार नहीं मिल रहा है। नयापारा भलेसर के नगाड़ा कारीगर शिवकुमार तांडकर ने बताया कि उनका परिवार पिछले 40 वर्षों से इस व्यवसाय से जुड़ा है। वे हर साल लगभग 1000 जोड़ी नगाड़े तैयार करते हैं, लेकिन पिछले तीन-चार सालों से पूरा स्टॉक नहीं बिक पा रहा है। उनके बनाए नगाड़ों की मांग रायपुर, गरियाबंद और बलौदाबाजार जैसे जिलों में भी रहती है, परंतु इस साल लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है।

## पेज 11 के शेष

### बलौदाबाजार जिला है...

पलारी, पर्यटन स्थलों में बारनावापारा अभयारण्य सहित अनेक स्थल है। विश्व स्तरीय सीमेंट सयंत्र हैं। यहां काम करने के अनेक क्षेत्र है। पीएम आवास, सुशासन तिहार, औद्योगिक विवाद का निपटारा बेहतर ढंग से किया गया। धान खरीदी सुचारु ढंग से सम्पन्न हुआ। जिला प्रशासन की टीम बहुत अच्छी है, टीम भावना से काम हुआ। आप सभी इसी टीम भावना से काम करते हुए जिले को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। इस अवसर पर डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अभिषेक गुप्ता ए आर टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित, एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### आनंद मेला में...

को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष कुसुम पैंकरा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष देवानंद नायक, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप दास मानिकपुरी, पार्षद शकुंतला पटेल, पार्षद मंजू बंजारे, पार्षद भगवती साहू, सुंदर साहू, विमल वैष्णव, रामचंद्र ध्रुव, अनिल श्रीवास, अभिषेक अवस्थी सहित महिला बाल विकास बड़ी संख्या में शामिल हुए थे।

**होली पर्व : शिव मंदिर कॉलोनी में फाग गीत की धूम**

# होलिका दहन पर गूंजे भक्ति और उल्लास के स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर स्थित शिव मंदिर कॉलोनी में होलिका दहन पर्व के पावन अवसर पर शिक्षक समुदाय की टोली द्वारा पारंपरिक फाग गीतों का भव्य एवं उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। रंगों और उमंग के इस पर्व पर वातावरण भक्तिमय गीतों, ढोलक की थाप और झांझ-मंजीरे की मधुर ध्वनि से गूंज उठा। कॉलोनी के श्रद्धालुजनों ने एकत्रित होकर होलिका दहन की विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की तथा समाज में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

फाग गीतों की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भाव विभोर कर दिया। परंपरागत लोक धुनों पर आधारित गीतों ने फागुन की मस्ती को और भी जीवंत बना दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ सेवानिवृत शिक्षक सीताराम यादव, भूपेंद्र कुमार नायक, ईश्वरी वर्मा, रमेश कुमार वर्मा, के आर वर्मा, ईश्वरी प्रसाद वर्मा, पटवारी योगेश सिन्हा, सुरेंद्र कुमार वर्मा,नारायण प्रसाद देवांगन,शिक्षक दिनेश कुमार वर्मा, डीपी वर्मा, धीरेन्द्र कुमार वर्मा एवं डीपी साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर होली के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला तथा सामाजिक एकता और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक फाग गीतों की श्रृंखला ने देर रात तक माहौल को सरस और उल्लासपूर्ण बनाए रखा। उपस्थित नागरिकों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। शिव मंदिर कॉलोनी में आयोजित यह फाग उत्सव न केवल सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता और सामूहिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत किया।



### शुभ मुहूर्त पर होलिका दहन



**खरोरा।** नहरडीह में विधि विधान से शुभ मुहूर्त पर होलिका जलाया गया । इस होलिका दहन कार्यक्रम मे गांव का पुरोहित ओमप्रकाश शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष पुरन साहू, पंच गण पुनाराम, गनेशू, परमानंद, दाऊ, नरेंद्र, कार्तिक, संत यादव, व ग्रामीण राजेन्द्र, कामता, दिनेश, पुष्कर, सीताराम, गजेंद्र, अरविंद, आस्करण, ग्रामवासी बड़ी संख्या मे शामिल हुआ।

## पीएम श्री भरत देवांगन स्कूल में मनाया गया होली उत्सव

**खरोरा।** पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में वर्ष 2026 का होली पर्व अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा एकत्रित होकर आपसी सद्भाव, एकता एवं भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य रजनी मिंज द्वारा शुभकामना संदेश के साथ की गई। उन्होंने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। इसके पश्चात शिक्षकों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। वातावरण रंगों और हंसी-खुशी से सराबोर हो उठा।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक माहौल भी देखने को मिला, जहां शिक्षकों ने पारंपरिक होली गीतों पर आनंदपूर्वक सहभागिता की। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि विद्यालय परिवार सदैव आपसी सहयोग, समर्पण और अनुशासन के साथ शैक्षिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। अंत में सभी शिक्षकों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस प्रकार विद्यालय में होली पर्व सौहार्दपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।



इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रजनी मिंज, वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन, सेवानिवृत्त व्याख्याता डोमार सिंह यादव, संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, रजनी त्रिपाठी, चमेली खरे, जयंती साहू, अल्का मिंज, तान्या भट्टाचार्य, मोगरा साहू, नीतू यादव, प्रिया संघवी, बिजेश्वरी महिलांगे, जगदेव बंजारे, योगेंद्र त्रिपाठी, गीतांजली पान, शिवांगी निषाद, रूपशिखा साहू, निशिता दीक्षित, पारुल रजोरिया, शैलजा शर्मा, पावस पटेल, अपूर्वा ओगरे, अंकुति भिड़े, नदीश साहू, अनिल कुमार, योगिता देवांगन, शेषशेखर शर्मा, सना करीम, आंचल आनंद कसर, जास्मि जोश, कृतिका वर्मा, पावेत्री साहू, अजय कुर्रे, प्रीति मिश्रा, लुकेश्वर उइके, विक्रम आडिल, प्रवीण पाटिल, घनेंद्र आडिल, और आकाश परिहार शामिल थे। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने भी इस उत्सव बेला में उत्साहपूर्वक भाग लिया।



### छात्रों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर मनाया होली पर्व

**खरोरा।** विकासखंड तिल्दा के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में बच्चों एवं शिक्षकों के द्वारा एक -दूसरे को गुलाल लगाकर होली का त्यौहार मनाया गया। विशेषर वर्मा ने बच्चों को बताया कि होली का त्यौहार बुराई पर अच्छाई की विजय के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। होलिका का सम्बन्ध प्रहलाद और होलिका की कथा से है। होलिका दहन के दिन लोग बुराई को नष्ट करने के लिए अलाव जलते हैं, होली के दिन लोग एक-दूसरे पर रंगीन गुलाल और पानी फेकते हैं। शिक्षक संजय बंछोर एवं चरित कुमार ध्रुव ने संयुक्त रूप से बच्चों को संबोधित किया कि होली का मुख्य संदेश बुराई पर अच्छाई की जीत, प्रेम, एकता और भाईचारे का है, जो सामाजिक भेदभाव मिटाकर सभी को एक साथ लाता है ओर नई शुरुआत का प्रतीक है। शाला के प्रधान पाठक हेमकुमारी साहू ने बच्चों को बताया यह त्यौहार अहंकार के विनाश, प्रकृति के प्रति सम्मान और बसंत के आगमन का भी संदेश देता है, जिसमे लोग रंगो और खुशियों से जीवन को रंगीन बनाते हैं। इस होली पर्व पर शाला के शिक्षक भेषकुमार महिलांग एवं मीनाक्षी सिरमौर उपस्थित रहे।

### पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में मनाई गई होली

**खरोरा।** पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में होली का पर्व सौहार्द और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। बच्चों के चेहरों पर रंगों के साथ-साथ खुशियों की चमक साफ दिखाई दे रही थी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा का विशेष रूप से उल्लेखनीय योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को होली के महत्व के बारे में बताते हुए आपसी प्रेम, सद्भाव और सुरक्षित तरीके से त्योहार मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर एवं संगम कुमार मन्नाडे की सक्रिय सहभागिता रही। दोनों शिक्षकों ने बच्चों के साथ मिलकर उत्साहपूर्वक होली मनाई तथा उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। संपूर्ण कार्यक्रम सादगीपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें रंगों के माध्यम से एकता और आनंद का सुंदर संदेश दिया गया। विद्यालय परिवार द्वारा इस प्रकार का आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल है।



# कलेक्टर ने समूह की महिलाओं से हर्बल गुलाल खरीदकर किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बिहान समूह की महिलाओं द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में लगाए गए स्टॉल पर पहुंचकर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने हर्बल गुलाल की खरीदी कर उन्हें प्रोत्साहित किया। साथ ही सभी से हर्बल गुलाल प्रयोग करने की अपील भी की। उन्होंने समूह की महिला सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दीं।

जिले के ग्राम धमनी की वंदनी स्व सहायता समूह की 11 महिलाएं हर्बल गुलाल का निर्माण कर रही हैं। बिहान योजना के मार्गदर्शन में समूह की दीदियां प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर शुद्ध हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं, जिसे बाजारों में स्टॉल लगाकर बेचा जा रहा है।

समूह की महिलाओं ने बताया कि पहले वे केवल घर के कामों तक सीमित थीं, लेकिन राज्य सरकार की मदद और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से जुड़ने के बाद उन्हें एक नई पहचान मिली है। बाजार में उनके द्वारा बनाए गए गुलाल की भारी मांग है, जिससे होने वाली आय से न केवल उनकी आजीविका सुदृढ़ हो रही है, बल्कि वे आर्थिक रूप से पूरी तरह आत्मनिर्भर भी हो रही हैं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी, डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली भी मौजूद रहे।



# सुद्रावन के वाटर टैंक में मिले तीन अजगर, गांव में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

पलारी विकासखंड के ग्राम पंचायत सुद्रावन में उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के वाटर टैंक के अंदर एक नहीं बल्कि तीन-तीन इंडियन रॉक पाइथन (अजगर) दिखाई दिए। पानी की टंकी में अजगर होने की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई और दहशत का माहौल बन गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तुरंत नोवा नेचर वाइल्ड लाइफ सोसायटी के सदस्य व सर्प मित्र सोमू कोटरे को सूचना दी। सूचना मिलते ही वे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद तीनों अजगरों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। रेस्क्यू के दौरान वन विभाग बलौदाबाजार की टीम भी मौके पर मौजूद रही। टीम में राजकुमार नायक और किशोर पटेल ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया। संयुक्त प्रयास से सभी अजगरों को सुरक्षित पकड़कर पास के जंगल में छोड़ दिया गया। विशेषज्ञों के अनुसार इंडियन रॉक पाइथन जहरीले नहीं होते, लेकिन उनका आकार बड़ा और ताकतवर होने के कारण सावधानी जरूरी होती है। समय रहते रेस्क्यू होने से किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और रेस्क्यू टीम व वन विभाग का आभार जताया ।






# कोसरंगी में नशा मुक्त अभियान की गूंज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम कोसरंगी में अवैध शराब बिक्री और नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों के खिलाफ एक सराहनीय पहल देखने को मिली। महिला समूहों, ग्राम सरपंच, पंचों तथा जनप्रतिनिधियों ने मिलकर नशा मुक्त गांव बनाने के संकल्प के साथ जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान गांव की गलियों, चौक-चौराहों और मोहल्लों में नशा छोड़ो, परिवार जोड़ो और नशा मुक्त गांव, खुशहाल गांव जैसे नारों की गूंज सुनाई दी। महिलाओं और ग्रामीणों ने एक स्वर में अवैध शराब बिक्री का विरोध करते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग भी की।


सारे तीरथ बार बार... गंगा सागर एक बार
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्री जगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल उग्रतारा, दशमहाविद्या, नवग्रह, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
28 मार्च, 2026
25 अप्रैल, 2026
16 मई, 2026
राशि स्लीपर ₹ 21,500/- ऑफर ₹ 18,500/- 3AC ₹ 32,500/- ऑफर ₹ 29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office: ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई 21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411